# BADAMIBAGH CANTONMENT BOARD

UNOFFICIAL INSTRUCTIONS FOR CANDIDATE, FOR COMPLETE DETAILS CHECK OFFICIAL NOTIFICATION

# छावनी बोर्ड-बादामी बाग

## RECRUITMENT FOR THE POST OF JUNIOR ASSISTANT

## जूनियर सहायकों के पदों पर भर्ती

**पुरुष/महिला** — **योग्यता-स्नातक पास।** — **Offline**

निम्नांकित रिक्त पदों पर भर्ती के लिये भारतीय नागरिकों से भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं :

**मूल्य -20 रूपये**

| पद | पद का नाम | आयु | वेतनमान | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 04. | जूनियर सहायक | 21-30 | 19900-63200 | स्नातक पास तथा कम से कम 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स व अंग्रेजी टाईप में 35 श.प्र.मि. गति। |
| 01. | जूनियर सहायक कम हिन्दी टाईपिस्ट | 21-30 | 19900-63200 | स्नातक पास तथा कम से कम 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स व हिन्दी टाईप में 25 श.प्र.मि. गति। (नोट : आवेदक के पास बारहवीं में अथवा स्नातक में हिन्दी विषय होना अनिवार्य है) |

**आयु सीमा :** आयु की गणना 05 फरवरी 2022 के अनुसार की जाएगी। आरक्षित वर्ग के आवेदकों को सरकारी नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये का आनलाइन भुगतान जो भारतीय स्टेट बैंक के नीचे दिये गये लिंक से अथवा छावनी बोर्ड बादामी बाग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से किया जा सकता है : https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=854527

आवेदक आनलाइन शुल्क जमा करने के पश्चात भुगतान रसीद की दो प्रति प्रिन्ट करें। एक प्रति को आवेदन के साथ संलग्न करके भेजें तथा दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रख लेवें। आनलाइन शुल्क जमा करवाने के लिये आवेदक व्यक्तिगत रुप से सिंहल प्रकाशन, रेवाड़ी पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। एससी व एसटी वर्ग के आवेदकों को शुल्क भुगतान में छूट है।

**आवेदन भेजने का पता:** भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को अपना आवेदन पत्र इस प्रकार भेजना होगा कि वह दिनांक 05.02.2022 तक या उससे पहले Chief Executive Officer, Badamibagh Cantonment Board Batwara Srinagar, Jammu & Kashmir - 190004 के पते पर आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से पंहुच जाये।

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:**

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां भेजी जाएं। मूल प्रमाण पत्रों को आवेदन के साथ नहीं भेजना चाहिये।

क) शैक्षिक व व्यवसायिक योग्यता के प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट)
ख) जन्म तिथि का प्रमाण पत्र (दसवीं या अन्य प्रमाण पत्र)
ग) जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आरक्षित वर्ग के लिये)
घ) 300 रुपये के आनलाइन भुगतान की रसीद (यदि लागू हो)
ड) अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
च) दो अतिरिक्त पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ।
ज) आधार कार्ड अथवा अन्य किसी भी आईडी प्रूफ की प्रति।

**अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश :**

1. आवेदन वाले लिफाफे Application for the post of _____ Cat _____ अंग्रेजी के बडे अक्षरों में अवश्य लिखें।
2. आवेदन के सभी कालम स्पष्ट एवं अंग्रेजी के बडे अक्षरों में भरे जाएगें।
3. आवेदन में किसी प्रकार की कटिंग या ओवर-राइटिंग न करें।
4. इस निर्देश को स्वयं के पास रखें, आवेदन के साथ संलग्न करके न भेजें।।
5. जूनियर सहायक कम हिन्दी टाईपिस्ट के लिये अनारक्षित तथा जूनियर सहायक के लिये अनारक्षित, ओबीसी व एसटी वर्ग में ही आवेदन करें।
6. पदों में कमी या वृद्धि या भर्ती सूचना बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है।
7. परीक्षा/साक्षात्कार के लिये अपने जोखिम तथा खर्चे पर आना होगा। साक्षात्कार के लिये आते समय सभी मूल प्रमाण पत्र तथा आईडी प्रूफ साथ में लाएें।
8. भर्ती सम्बन्धित सूचना की जानकारी के लिये समय-समय पर छावनी बोर्ड की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें। https://www.badamibagh.cantt.gov.in

अधिक जानकारी के लिये दिनांक दिसम्बर 25 का रोजगार समाचार देखें। किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। यद्यपि निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि मानवीय भूल से इंकार नहीं किया जा सकता। अत: रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन को ही अधिकृत समझा जाए। यह जानकारी केवल आवेदक के सूचनार्थ प्रकाशित है।

**यदि आपके शहर में आवेदन पत्र उपलब्ध नहीं है तो इस वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर किसी भी प्रिन्टर से प्रिन्ट करके भेज सकते हैं-**

# www.vacancyform.com

आधी-अधूरी जानकारी के फार्म न केवल आपका समय व पैसा बर्बाद करेंगे, बल्कि आपके रोजगार के अवसर को भी समाप्त कर देंगे। अत: हमेशा पंजीकृत प्रकाशकों द्वारा सही प्रकार से मुद्रित सरकारी नौकरियों के फार्म ही खरीदें, चाहे उसके लिये आपको कुछ अधिक धन ही क्यों न देना पड़े।

यह आवेदन पत्र सिंहल प्रकाशन, रेवाड़ी (रजि० नं 1114130) द्वारा बेरोजगारों के लिए प्रकाशित है। सम्बन्धित विभाग का फॉर्म प्रकाशक/प्रकाशन से कोई सम्बन्ध नहीं है। महत्वपूर्ण निर्देश : इस जानकारी को अपने पास संभाल कर रख लेवें, फॉर्म के साथ न भेजें।